उत्तर प्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन अनुभाग
लखनऊ: दिनांक ०५ अक्टूबर, 2025

**विज्ञप्ति**

सामान्य प्रशासन अनुभाग की विज्ञप्ति संख्या-870/3-2024-39(2)-2016 दिनांक 17 दिसम्बर, 2024 द्वारा वर्ष 2025 के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है जिसके प्रस्तर-2 (ii) निर्बन्धित अवकाशों की सूची के क्रमांक 25 पर महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर दिनांक 07 अक्टूबर 2025 (मंगलवार) को निर्बन्धित अवकाश घोषित किया गया है।

2- इस संबंध में शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरान्त महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर दिनांक 07 अक्टूबर 2025 (मंगलवार) को सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त लिये गए निर्णय के आलोक में महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर दिनांक 07 अक्टूबर 2025 (मंगलवार) को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। यह अवकाश निगोशिएबुल इन्सट्रूमेन्ट ऐक्ट 1881 के अधीन नहीं होगा।

3- विज्ञप्ति दिनांक 17 दिसम्बर, 2024 को तदनुसार संशोधित समझा जाय।

Digitally signed by
ALOK KUMAR
Date: 04-10-2025
12:03:00

(आलोक कुमार)
प्रमुख सचिव

संख्या व दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उ0प्र0 शासन।
2- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, श्री राज्यपाल, उ0प्र0।
3- अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
4- मुख्य स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
5- निबन्धक, मा0 उच्च न्यायालय, प्रयागराज ।
6- महालेखाकार, उ0प्र0 प्रयागराज।
7- समस्त विभागाध्यक्ष/मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उ0प्र0।
8- प्रमुख सचिव, विधान परिषद्/विधान सभा, उ0प्र0 ।
9- सचिव, भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्यो का विभाग, नई दिल्ली।
10- सचिव, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
11- प्रबन्धक एवं संयोजक राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति-बैंक आफ बड़ौदा, आंचलिक कार्यालय, 45, भारतीय जीवन बीमा निगम बिल्डिंग, हजरतगंज, लखनऊ।
12- क्षेत्रीय निदेशक, उ0प्र0 एवं उत्तराखण्ड, भारतीय रिजर्व बैंक, कानपुर-208001 ।
13- निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग को इस विज्ञप्ति का आवश्यक प्रसार एवं प्रचार कराने हेतु।
14- महाप्रबन्धक, रिजर्व बैंक आफ इण्डिया, गोमती नगर, लखनऊ।
15- संयुक्त निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, राजकीय मुद्राणालय, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि इस विज्ञप्ति का उत्तर प्रदेश के असाधारण गजट में प्रकाशन कराकर उसकी 400 प्रतिया सामान्य प्रशासन अनुभाग को शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु।
16- तकनीकी निदेशक, नेशनल इन्फार्मेटिक्स सेन्टर (उ0प्र0 राज्य इकाई), योजना भवन, लखनऊ को सामान्य प्रशासन विभाग की 'वेबसाईट' पर डालने हेतु।
17- कुलपति, डा0 सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी।
18- सचिवालय के समस्त अनुभाग।

आज्ञा से,

( जुहैर बिन सगीर )
विशेष सचिव

Digitally signed by
ZUHAIR BIN SAGHIR
Date: 04-10-2025
13:43:24